श्री निदेशक (क्र प्र०)

अपर आयुक्त
19/1/22

प्रेषक,

जिला विकास अधिकारी,
अल्मोड़ा।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास
उत्तराखण्ड पौड़ी।

पत्रांक 3325 /स्था–2/स्थाना0आवेदन/श्री तिवारी/2021–22/दिनॉक 07/01/2022
विषय– स्थानान्तरण अधिनियम की धारा–27 के अन्तर्गत स्थानान्तरण हेतु प्रस्ताव प्रेषण।
महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय पत्रांक–2230/2–स्था (278)/स्थानान्तरण/2021–22/दिनॉक 06 दिसम्बर,2021 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके अन्तर्गत स्थानान्तरण अधिनियम के प्राविधानों में विचलन/छूट हेतु अधिनियम की धारा–27 के सन्दर्भ में स्थानान्तरण समिति के विचारार्थ प्रेषित किये जाने वाले प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रसारित किये गये है।

उक्त क्रम में इस कार्यालय में कार्यरत श्री इन्द्रमणी तिवारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा अपनी धर्मपत्नी की चिकित्सा व्यवस्था एंव देखभाल नही हो पाने के कारण जनपद अल्मोड़ा से जनपद ऊधमसिंहनगर को स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है।

| क्रम0 सं0 | कार्मिक का नाम/ पदनाम/श्रेणी/ वर्तमान तैनाती का विवरण गृह जनपद सहित | कार्मिक का सेवा विवरण सुगम/दुर्गम सहित | प्रस्तावित स्थानान्तरण/ तैनाती का स्थान/सुगम/ दुर्गम विवरण पद रिक्त होने की सूचना सहित | स्थानान्तरण प्रस्ताव का आधार/ औचित्य | कार्मिक के स्थानान्तरण की दशा में प्रतिस्थानी की व्यवस्था |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | इन्द्रमणी तिवारी/ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/वर्तमान जनपद में 20.07.21 से कार्यरत है। गृह जनपद अल्मोड़ा है। | कार्मिक 19.07.21 तक जिला कैडर के होने के कारण समस्त सेवायें जनपद ऊधमसिंहनगर की है जो सुगम श्रेणी में आता है। | जनपद ऊधमसिंहनगर/ सुगम/वर्तमान में पद रिक्त है | श्री तिवारी की धर्मपत्नी के स्वास्थ्य की देखभाल / चिकित्सा उपचार आदि व्यवस्थाओं के कारण | आगामी विभागीय पदोन्नति के उपरान्त अथवा स्थानान्तरण से प्रतिस्थानी की व्यवस्था |

उपरोक्त विवरण सहित श्री तिवारी का आवेदन–पत्र एवं उनकी धर्मपत्नी के चिकित्सा सम्बन्धी प्रपत्रों की छायाप्रति सहित संलग्न कर प्रेषित किये जा रहे है।

**संलग्न– यथोपरि**

भवदीय
7/1/22

जिला विकास अधिकारी
अल्मोड़ा

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,उत्तराखण्ड,
पौड़ी।

द्वाराः— जिला विकास अधिकारी,
अल्मोड़ा।

विषयः— **स्थानान्तरण अधिनियम की धारा—27 के अन्तर्गत स्थानान्तरण हेतु आवेदन प्रेषण।**

महोदय,

मैं वर्तमान में जिला विकास कार्यालय,अल्मोड़ा में बरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हूँ। मेरी धर्मपत्नी अर्थराईटिस रोग से पीड़ित है तथा चलने फिरने में असमर्थ रहती हैं। जिनका लम्बी अवधि से डा0 शुसीला तिवारी अस्पताल,हल्द्वानी से ईलाज चल रहा है तथा उन्हें बार—बार स्वास्थ्य परीक्षण हेतु हल्द्वानी ले जाना होता है। प्रार्थी का घर गदरपुर (उधमसिंहनगर) में है। घर पर कोई अन्य पारिवारिक सदस्य न होने के कारण प्रार्थी की धर्मपत्नी की चिकित्सा ब्यवस्था एवं देखभाल नहीं हो पा रही है।

महोदय प्रार्थी की सेवा निवृत्ति हेतु मात्र एक वर्ष अवशेष है। वर्तमान में जनपद,उधमसिंहनगर में बरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का पद रिक्त है। यदिं मेरा स्थानान्तरण रिक्त पद पर जनपद, उधमसिंहनगर में हो जाता है तो मैं अपने पारिवारिक दायित्वों के साथ—साथ विभागीय कार्यो को भी सुगमता से सम्पादित करने में सक्षम रहूँगा। इस हेतु मेरे द्वारा धर्मपत्नी के समस्त चिकित्सा सम्बन्धी प्रपत्रों सहित पूर्व में भी अनुरोध किया गया था। पुनः कुछ चिकित्सा सम्बन्धी प्रपत्र संलग्न कर महोदय की सेवा में प्रेषित है।

उपरोक्त परिस्थितियों के मध्येनजर महोदय से विनम्र निवेदन है कि मेरा स्थानान्तरण जनपद,अल्मोड़ा से उधमसिंहनगर को कराने की कृपा करेंगे ताकि मैं विभागीय कार्यो के साथ—साथ अपने पारिवारिक दायित्वों का भी निर्वहन कर सकूँ।

प्रार्थी आपका आजन्म आभारी रहेगा।

संलग्न—यथोपरि

प्रार्थी

6/1/2021

(इन्द्रमणी तिवारी)
बरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
जिला विकास कार्यालय,
अल्मोड़ा।

प्रबल संस्तुति सहित अग्रसारित

जिला विकास अधिकारी
अल्मोड़ा

पंजीकृत

प्रेषक,

मुख्य विकास अधिकारी ,
चमोली ।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास उतराखण्ड,
पौड़ी ।

संख्या 365 /स्था0–1/स्था0–तै0–व0प्र0अ0/2022–23 दिनांक 18 मई 2022

**विषयः** **श्रीमती रेखा भट्ट, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के स्वैच्छिक स्थानान्तरण प्रार्थना–पत्र का प्रेषण ।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के कम में अवगत करना है कि श्रीमती रेखा भट्ट, जिला विकास कार्यालय चमोली में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। उनके द्वारा अपनी व्यक्तिगत पारिवारिक परिस्थितियों /पुत्र की अस्वस्थता के कारण जनपद चमोली से स्वैच्छा पर जनपद देहरादून में स्थानान्तरण चाहने हेतु प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है । श्रीमती भट्ट,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है ।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार प्रार्थना–पत्र एवं
पुत्र के चिकित्सा प्रमाण–पत्र
सहित कुल सात अद्द ।

भवदीय ,

18/05/22

मुख्य विकास अधिकारी ,
चमोली ।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास
उत्तराखण्ड पौंडी।

द्वारा– उचित माध्यम

विषयः– जनपद देहरादून में स्थानान्तरण चाहने बावत।

महोदय,

उपरोक्त विषय के क्रम में अवगत करना है कि प्रार्थिनी वर्तमान समय में बरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, के पद पर जनपद चमोली में कार्यरत है। प्रार्थिनी का एक मात्र पुत्र देहरादून में अध्ययनरत है। जनपद चमोली में कार्यरत रहते हुए मैं अपने पुत्र की उचित देखभाल नही कर पा रही हूँ। जिसका प्रभाव प्रार्थिनी के पुत्र के स्वास्थ्य पर पड रहा है, तथा उसका स्वास्थ्य अधिकाशतः खराब रहता है। जिस कारण प्रार्थिनी निरन्तर मानसिक तनाव में रहती है। साथ ही यह भी अवगत करना है कि प्रार्थिनी अपने परिवार की एकमात्र मुखिया है। फलस्वरूप पुत्र के स्वास्थ्य एंव परिवार की पूर्ण जिम्मेदारी प्रार्थिनी की है। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत करना हैं कि प्रार्थिनी का स्वास्थ्य भी खराब रहता है। जिसका उपचार भी देहरादून से चल रहा है। महोदय, प्रार्थिनी स्थानान्तरण अधिनियम–2017 की धारा–13 के प्रस्तर–6 के तहत पात्रता की श्रेणी में आती है।

अतः महोदय, से विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थिनी का स्थानान्तरण जनपद चमोली से जनपद देहरादून में करने की कृपा करें। जिससे प्रार्थिनी अपने पुत्र की उचित देखभाल करने के साथ ही अपना नियमित स्वास्थ्य उपचार भी करवा सकें। प्रार्थिनी महोदय की आजन्म आभारी रहेगी। पुत्र एंव स्वंय का स्वास्थ्य उपचार सम्बन्धी पर्ची भी संलग्न कर प्रस्तुत कर रही हूँ।

<u>संलग्न – स्वास्थ उपचार पर्चियाँ।</u>

प्रार्थिनी
(रेखा भट्ट)
बरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
जिला विकास कार्यालय
चमोली।

संस्तुति सहित
अग्रसारित

मुख्य बिकास अधिकारी
चमोली।

प्रेषक,

जिला विकास अधिकारी,
पिथौरागढ़

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड,
पौड़ी

पत्र संख्या 3045 /स्था0/2022–23/ दिनांक 14 मार्च, 2022

विषयः– स्वयं के अनुरोध पर स्थानान्तरण चाहने के सम्वन्ध में अनुरोध पत्र प्रेषण।

महोदय,

जिला विकास कार्यालय में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत श्री विनोद कुमार आर्य से प्राप्त प्रार्थना पत्र दिनांक 14 ~~अप्रैल~~ मार्च, 2022 जो कि उनके छोटे पुत्र एवं वृद्व माताजी का स्वास्थ्य प्रायः खराब रहने के कारण उनके समुचित स्वास्थ्य उपचार करवाने हेतु स्वयं के अनुरोध पर जनपद–अल्मोडा में स्थानान्तरण चाहने के सम्वन्ध में है। जिसे मूलरूप में संस्तुति सहित अग्रसारित किया जा रहा है। उक्त क्रम में सादर अनुरोध है कि कृपया श्री आर्य के द्वारा प्रस्तुत अनुरोध पत्र में सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की कृपा करेंगे।

संलग्नः–उक्तानुसार।

भवदीया,

(रमा गोस्वामी)
जिला विकास अधिकारी,
पिथौरागढ़

सेवा में,

श्रीमान आयुक्त महोदय,
ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड, पौड़ी

द्वारा:— उचित माध्यम।

**विषय:— स्वयं के अनुरोध पर स्थानान्तरण चाहने के सम्वन्ध में।**

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं वर्तमान में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर जिला विकास कार्यालय, पिथौरागढ़ में कार्यरत हूँ।

2. मेरे छोटे पुत्र का स्वास्थ्य अक्सर खराब रहता है। सर गंगाराम हास्पिटल, देहली से माह फरवरी, 2020 में उसकी हार्ट सर्जरी करवायी गयी। (साक्ष्य संलग्न)

3. मेरी वृद्व माँ ब्लड प्रेशर एवं आर्थराईटिज से पीड़ित है। जिनका वर्तमान में हल्द्वानी से उपचार चल रहा है। उनकी देखरेख की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मुझ पर है। (साक्ष्य संलग्न)

4. मेरी पत्नी वर्तमान में हरिद्वार जनपद में भगवानपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत सहायक अध्यापिका के पद पर विद्यालय में कार्यरत है।

महोदय चूँकि मैं दूरस्थ जनपद में कार्यरत हूँ। जिस कारण से अपने पुत्र एवं माताजी के स्वास्थ्य का समुचित उपचार नहीं करवा पा रहा हूँ एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने में पूर्णरूप से असक्षम हूँ।

5. उक्त कारणों से मैं स्वयं के अनुरोध पर अपना स्थानान्तरण जनपद अल्मोड़ा में करवाये जाने हेतु अनुरोध पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ ताँकि अपने छोटे पुत्र एवं वृद्व माताजी का समुचित उपचार करवा सकूँ।

अतः महोदय से सादर प्रार्थना है कि कृपया मेरे अनुरोध पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुये स्वयं के अनुरोध पर मेरा स्थानान्तरण जनपद—अल्मोड़ा में करवाने की असीम कृपा करेंगे।

भवदीय,

A.O. (Estt)

जिला विकास अधिकारी
पिथौरागढ़
D.D.O.
14.3.22

VKArya 14.3.22
(विनोद कुमार आर्य)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी,
जिला विकास कार्यालय,
पिथौरागढ़

संस्तुति सहित अग्रसारित।

जिला विकास अधिकारी
पिथौरागढ़
14.03.22